“सहकार से समृध्दि”

International Year of Cooperatives

# “IYC-2025”
# Chhattisgarh Status Report, June-2025

# “सहकार से समृध्दि”

| मानदण्ड | विवरण |
| --- | --- |
| क्षेत्र | सम्पूर्ण राज्य |
| गतिविधि का स्तर/स्थान | राज्य/बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम रायपुर |
| कार्यक्रम गतिविधि का नाम | राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन का आयोजन। |
| गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी | माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन में शामिल होकर अपेक्स बैंक की नवीन शाखा फरसाबहार का वर्चुअल शुभारम्भ किया गया सम्मेलन में विधानसभा अध्यक्ष, सहकारिता मंत्री तथा अन्य मंत्रीगण, विधायकगण, शीर्ष सहकारी संस्थाओं के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, विभिन्न निगम मण्डलों के अध्यक्ष राज्य के सभी पैक्स के प्राधिकारी एवं पदाधिकारीगण तथा सहकारिता विभाग के अधिकारिगण शामिल रहे। |
| उद्देश्य | सहकारिता के उद्देश्य कार्य महत्व एवं उपलब्धियों को राज्य के समस्त कृषकों तक पहुँचाना। |
| प्रतिभागियों की संख्या | 10,000 (लगभग) |
| उपलब्धियाँ और परिणाम | सहकारी सम्मेलन के आयोजन से राज्य स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष अंतर्गत गतिविधियों को प्रचार-प्रसार हुआ, राज्य में सहकारी गतिविधियों की जानकारी को जन-जन तक पहुंचाया जा सका तथा सम्मेलन में उपस्थित लोगों को भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे पहलों की जानकारी हुई तथा वे सहकारिता के माध्यम से कार्य के लिए प्रेरित हुए। |

# 1. गतिविधि : राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन का आयोजन।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| राज्य | राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन का आयोजन बलबीर सिंह जुनेजा इन्डोर स्टेडियम, रायपुर में किया गया। | 01 |



# 1. गतिविधि : राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन का आयोजन।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| राज्य | राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन का आयोजन बलबीर सिंह जुनेजा इन्डोर स्टेडियम, रायपुर में किया गया। | 01 |






विविध

रायपुर, गुरुवार 12 जून 2025

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता को घर-घर तक पहुंचाने की संकल्पना हो रही पूरी: मुख्यमंत्री साय

- मुख्यमंत्री अपेक्स बैंक के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी के पदभार ग्रहण में हुए शामिल
- मुख्यमंत्री ने अपेक्स बैंक की नई शाखा का किया वर्चुअल शुभारंभ

रायपुर, 11 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी केदारनाथ गुप्ता के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले के फरसाबहार में अपेक्स बैंक की नई शाखा का वर्चुअल शुभारंभ किया और क्षेत्रवासियों को बधाई दी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकार से समृद्धि की संकल्पना को साकार किया जा रहा है। उनकी प्रेरणा से प्रदेश के घर-घर को सहकारिता से जोड़ने का कार्य हमारी सरकार कर रही है। साय ने कहा कि नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी के नेतृत्व में प्रदेश में सहकारिता को और अधिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि सहकारी गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ मिलकर प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। हाल ही में हमने दुधारू पशु वितरण का शुभारंभ किया है, जिसके अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट के लिए प्रदेश के 6 जिलों का चयन कर हितग्राहियों को दो-दो दुधारू गाय वितरित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश के किसानों और ग्रामीण जनों को बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने की एक बड़ी पहल हमने इस वर्ष पंचायती राज दिवस से प्रारंभ की है। प्रदेश के 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र खोले गए हैं, जिसके माध्यम से ग्राम पंचायत भवन में ही बैंकिंग सुविधा मिल रही है। उन्होंने बताया कि अगले पंचायती राज दिवस तक यह सुविधा प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में उपलब्ध हो जाएगी, जिससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री साय ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल के दौरान सहकारिता के क्षेत्र में हुए बड़े बदलावों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने किसानों को अल्पकालिक ऋण के लिए भारी-भरकम ब्याज दर से मुक्ति दिलाई और ब्याज दरों को लगातार कम कर किसानों को राहत दी। अब किसानों को कृषि कार्यों के लिए बिना किसी ब्याज के अल्पकालिक ऋण उपलब्ध हो रहा है। मुख्यमंत्री साय ने फरसाबहार में अपेक्स बैंक की नई शाखा खुलने पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि अब किसानों को बैंकिंग सुविधा के लिए 50-60 किलोमीटर दूर पत्थलगांव नहीं जाना पड़ेगा। इस पुनीत पहल के लिए उन्होंने सहकारिता विभाग को साधुवाद दिया।

# 1. गतिविधि : राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन का आयोजन।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| राज्य | राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन का आयोजन बलबीर सिंह जुनेजा इन्डोर स्टेडियम, रायपुर में किया गया। | 01 |



## साय ने कहा- सहकारिता को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकार से समृद्धि की संकल्पना को साकार किया जा रहा है। उनकी प्रेरणा से प्रदेश के घर-घर को सहकारिता से जोड़ने का कार्य हमारी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा, नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी के नेतृत्व में प्रदेश में सहकारिता को और अधिक मजबूती मिलेगी। सहकारी गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ मिलकर प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। हाल ही में हमने दुधारू पशु वितरण का शुभारंभ किया है, जिसके अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट के लिए प्रदेश के 6 जिलों का चयन कर हितग्राहियों को दो-दो दुधारू गाय वितरित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री राजधानी रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी केदारनाथ गुप्ता के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले के फरसाबहार में अपेक्स बैंक की नई शाखा का वर्चुअल शुभारंभ किया और क्षेत्रवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश के किसानों और ग्रामीण जनों को बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने की एक बड़ी पहल हमने इस वर्ष पंचायती राज दिवस से प्रारंभ की है। प्रदेश के 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र खोले गए हैं, जिसके माध्यम से ग्राम पंचायत भवन में ही बैंकिंग सुविधा मिल रही है। उन्होंने बताया कि अगले पंचायती राज दिवस तक यह सुविधा प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में उपलब्ध हो जाएगी, जिससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

### सत्य साईं अस्पताल को 2.25 करोड़ की सहायता

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में कार्यक्रम में मजगांव डॉक शिप बिल्डर्स लिमिटेड ने सीएसआर गतिविधियों के तहत राजधानी रायपुर के सत्य साईं हृदय चिकित्सालय को 2.25 करोड़ रुपए की सहायता राशि का चेक सौंपा। मुख्यमंत्री ने इस पुनीत कार्य के लिए मजगांव डॉक शिप बिल्डर्स लिमिटेड के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

### अपेक्स बैंक सबसे शक्तिशाली संगठन : डॉ. रमन

अपेक्स बैंक प्रदेश में 40 हजार करोड़ रुपए के टर्नओवर के साथ सबसे शक्तिशाली संगठन है और इसके माध्यम से अब तक 7 हजार 5 सौ करोड़ रुपए का ऋण किसानों को उपलब्ध कराया गया है। डॉ. सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से देश के हर एक नागरिक को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया और इसी का परिणाम है कि आज बिना किसी बिचौलिए के शत-प्रतिशत राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा, सहकारिता के क्षेत्र में अभी भी अपार संभावनाएं हैं और शत-प्रतिशत किसानों को सहकारिता और अपेक्स बैंक से जोड़ने का काम शीघ्र पूरा करने का आह्वान किया।

### किसानों को बिना ब्याज मिल रहा अल्पकालिक ऋण

मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल के दौरान सहकारिता के क्षेत्र में हुए बड़े बदलावों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, उस समय किसानों को अल्पकालिक ऋण के लिए भारी-भरकम ब्याज दर से मुक्ति दिलाई और ब्याज दरों को लगातार कम कर किसानों को राहत दी। अब किसानों को कृषि कार्यों के लिए बिना किसी ब्याज के अल्पकालिक ऋण उपलब्ध हो रहा है। मुख्यमंत्री ने फरसाबहार में अपेक्स बैंक की नई शाखा खुलने पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा, अब किसानों को बैंकिंग सुविधा के लिए 50-60 किलोमीटर दूर पत्थलगांव नहीं जाना पड़ेगा।

### सहकारिता को अंतिम गांव तक पहुंचा रहे मुख्यमंत्री

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ में सहकारिता का बीजारोपण करने वाले महान विभूतियों को पुण्य स्मरण करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ में श्री वामनराव लाखे और ठाकुर प्यारेलाल जैसे पुरोधाओं ने सहकारिता की नींव रखी, जिसका विकसित स्वरूप आज हम सभी देख रहे हैं। यह वर्ष सहकारिता का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष है, और केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के प्रयासों से निश्चित रूप से इस क्षेत्र में चमत्कारिक परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों से प्रदेश के किसानों के जीवन में खुशहाली आई है।



# 1. गतिविधि : राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन का आयोजन।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| राज्य | राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन का आयोजन बलबीर सिंह जुनेजा इन्डोर स्टेडियम, रायपुर में किया गया। | 01 |





## Banking access in 5,000 Panchayats: Sai

Villagers to get banking access at doorstep: 5,000 panchayats connected.

Central Chronicle News

RAIPUR: Chhattisgarh BJP spokesperson Kedarnath Gupta officially took charge as the Chairman of Chhattisgarh State Cooperative Apex Bank on Wednesday, in a grand ceremony held at the Indoor Stadium in Budhatalaab, Raipur. Chief Minister Vishnu Deo Sai graced the occasion as the chief guest and marked the beginning of a new chapter for the state's cooperative banking sector.

In his address, CM Sai congratulated Kedarnath Gupta, calling him an experienced and dedicated leader, and expressed confidence in his ability to strengthen the cooperative movement in the state. He highlighted that Gupta, along with Cooperative Minister Kedar Kashyap—who shares the same zodiac sign—will bring significant momentum to cooperative reforms. The Chief Minister made a major announcement, stating that in the next six months, 5,000 panchayats in Chhattisgarh will be directly connected to banking services. "Now, villagers won't have to go to the bank—the bank will come to their panchayat," he declared. This move is aimed at enhancing financial inclusion in remote areas, especially to benefit farmers and rural communities.

CM Sai also underlined the importance of the cooperative sector in national development, especially with 2025 being observed as the International Cooperative Year. He praised Prime Minister Narendra Modi's efforts in forming a dedicated Ministry of Cooperation under Union Home Minister Amit Shah, which demonstrates the sector's growing significance. Recalling past achievements, the Chief Minister noted that under PM Modi's leadership, Rs 30,000 crore was recently transferred for paddy procurement—so substantial that the bank servers briefly froze under the load. He contrasted this transparency and efficiency with past governments, applauding the direct benefit transfers as a hallmark of good governance.

Assembly Speaker Dr. Raman Singh also addressed the gathering and paid tribute to the pioneers of the cooperative movement in Chhattisgarh, including Thakur Pyarelal Singh and Lakhe Thakur. He expressed optimism that, under Amit Shah's national leadership and the new state leadership, the cooperative sector is set for a transformational change. With a turnover of Rs 40,000 crore, the Apex Bank is one of the most powerful institutions in the state's cooperative ecosystem. Its expanded outreach and digital inclusion efforts are expected to further empower rural populations and farmers. CM Sai also announced the opening of a new Apex Bank branch in Farasbahar and assured continued government support to bring banking and dairy development initiatives to rural Chhattisgarh through partnerships like the recent agreement with the National Dairy Development Board (NDDB).

Kedarnath Gupta takes charge as Apex Bank Chairman in the presence of CM Vishnu Deo Sai.

**HIGHLIGHT**

- Apex Bank expands rural reach; CM highlights Rs 30,000 crore paddy procurement success story.

## 1. गतिविधि : राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन का आयोजन।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| राज्य | राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन का आयोजन बलबीर सिंह जुनेजा इन्डोर स्टेडियम, रायपुर में किया गया। | 01 |



# “सहकार से समृध्दि”

| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| क्षेत्र | समस्त समितियां |
| गतिविधि का स्तर/स्थान | ग्राम/(पैक्स 2058) |
| कार्यक्रम गतिविधि का नाम | “सहकारिता में सहकार” अभियान अंतर्गत पैक्स द्वारा कार्यक्षेत्र के सभी कृषकों को सदस्य बनने हेतु शिविरों का आयोजन। |
| गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी | छ.ग. में खरीफ धान की खेती प्रमुख रूप से की जाती है, जिसके लिए कृषक ऋण तथा खाद, बीज हेतु पैक्स आते हैं। अतः राज्य के सभी पैक्स में विभिन्न दिवसों में शिविरों का आयोजन कर सदस्य बनने हेतु प्रेरित किया गया। |
| उद्देश्य | किसानों को पैक्स में सदस्य बनाकर शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पकालीन कृषि ऋण सेवाएं प्रदान करना, साथ ही पैक्स द्वारा वितरण किये जाने वाले खाद एवं बीज का लाभ कृषकों को दिलाना तथा पैक्स की अन्य सेवाओं बाबत् जानकारी देना। |
| प्रतिभागियों की संख्या | 7,000 (लगभग) |
| उपलब्धियाँ और परिणाम | माह में कुल 4800 नए कृषक सदस्य बनाये गये तथा 16,380 केसीसी कार्ड का वितरण किया गया। माह में कुल राशि रू. 2137 करोड़ का ऋण वितरण 5.25 लाख कृषकों को किया गया। 2390 कृषकों के खाते राज्य सहकारी/जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों में खोले गये हैं, जिनमें राशि रू. 97.18 लाख का वित्तीय संव्यवहार किया गया है तथा अभियान अंतर्गत अब तक 186.09 करोड़ का संव्यवहार किया जा चुका है। |

# “सहकार से समृध्दि”

**2. गतिविधि :** **“सहकारिता में सहकार” अभियान अंतर्गत ग्राम के सभी कृषकों को पैक्स का सदस्य बनने हेतु शिविरों का आयोजन।**

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| ग्राम | ग्राम के सभी कृषकों को पैक्स के सदस्य बनाये जाने हेतु प्रेरित करना तथा कृषकों से सम्बध्द राज्य शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान करना। | **2058** |



पैक्स सांकरा जिला धमतरी



पैक्स जामगॉव जिला दुर्ग

| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| क्षेत्र | पैक्स/बुनकर/मत्स्य सहकारी समितियां। |
| गतिविधि का स्तर/स्थान | विकासखण्ड/जिला। |
| कार्यक्रम गतिविधि का नाम | सहकारी समितियों में GST, आयकर और लेखांकन का प्रशिक्षण। |
| गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी | धमतरी जिले के 04 विकासखण्ड में चयनित सहकारी समितियों के सदस्यों हेतु 05 दिवसीय जीएसटी, टीडीएस रिर्टन एवं लेखांकन के संबंध में चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा प्रशिक्षण दिया जाना। |
| उद्देश्य | प्रदेश के समितियों को वित्तीय साक्षरता प्रदान करना। |
| प्रतिभागियों की संख्या | 97 |
| उपलब्धियाँ और परिणाम | पैक्स/बुनकर/मत्स्य सहकारी समितियों के सदस्यों को जीएसटी स्लैब, रिर्टन दाखिल करने के प्रकार, रिर्टन भरने की अवधि, दोहरा लेखांकन प्रणाली अंतर्गत खातों के प्रकार, व्हॉउचर, जनरल एन्ट्री एवं सहकारी समितियों में अनिवार्य पुस्तकों एवं प्रशासनिक रजिस्टर रखे जाने के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई, जिससे समितियों के पदाधिकारी सहित सदस्य भी कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित हुए। |

International Year of Cooperatives 2025

# 3. गतिविधि : सहकारी समितियों में GST, आयकर और लेखांकन का प्रशिक्षण।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| जिला | धमतरी जिले के 04 विकासखण्ड में चयनित सहकारी समितियों के सदस्यों हेतु 05 दिवसीय जीएसटी, टीडीएस रिर्टन एवं लेखांकन के संबंध में चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा प्रशिक्षण दिया जाना। | 03 |

## पांच दिवसीय जीएसटी, आयकर एवं लेखांकन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**धमतरी ( प्रखर )।** जिले के महिला स्व सहायता समूह के सामुदायिक संवर्ग के चयनित सदस्यों का रोजगार सृजन के उद्देश्य से आयोजित पांच दिवसीय लेखांकन, जीएसटी, टीडीएस तथा आयकर प्रशिक्षण 6 जून 2025 को संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत माननीय कलेक्टर के दिशा निर्देश के परिपालन में जिला प्रशासन व सहकारिता विभाग के जिला सहकारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत यह कार्यक्रम बड़ौदा आरसेटी भवन में आयोजित किया गया।

समापन दिवस के कार्यक्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, उपायुक्त सहकारिता प्रदीप ठाकुर, बड़ौदा आरसेटी निदेशक अनीता टुडू व जग्येश्वर समल, जिला सहकारी संघ के प्राधिकृत अधिकारी सीपी साहू, संघ प्रबंधक ए पी गुप्ता, सहकारी निरीक्षक ए के मिश्रा व भुनेश्वर नेताम, चार्टर्ड अकाउंटेंट आशुतोष मिश्रा, व्याख्याता सहकारी प्रशिक्षण महाविद्यालय रायपुर एस के पटेल उपस्थित रहे। कलेक्टर ने प्रशिक्षार्थियों से परिचय प्राप्त कर दिए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी ली, जिसमें प्रशिक्षार्थियों द्वारा प्रशिक्षण अवधि बढ़ाने निवेदन करने पर उन्होंने सकारात्मक कार्यवाही करने आश्वस्त किया। कार्यक्रम में सहकारी निरीक्षक अरविंद मिश्रा ने सहकारी समिति के पंजीयन संबंधी जानकारी के साथ ही जिला स्तरीय बिहान सहकारी समिति के गठन पर प्रशिक्षार्थियों को अवगत कराया। समापन दिवस पर चार्टर्ड अकाउंटेंट आशुतोष मिश्रा ने जीएसटी पंजीयन की विधि, टीडीएस रिटर्न के प्रकार तथा लेखांकन प्रशिक्षण एस के पटेल ने बैंक समाधान विवरण व मूल्य ह्रास पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से देकर प्रशिक्षार्थियों को अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के अंत में सहकारिता उपायुक्त प्रदीप ठाकुर ने समापन दिवस 6 जून 2025 पर सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र व ग्रुप फोटोग्राफ का वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं संघ प्रबंधक द्वारा कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

### पंजीयन शिविर 10 जून को देवरी में

**धमतरी( प्रखर )।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में विभिन्न कोर्सों में नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्तमान में सुरक्षा गार्ड का प्रशिक्षण शुरू किया जाना है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के इच्छुक युवाओं का चयन के लिए ग्राम पंचायत देवरी में आगामी 10 जून को शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 से शाम 5 बजे से ग्राम पंचायत भवन देवरी मे आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के युवाओं का कौशल प्रशिक्षण के लिए पंजीयन किया जाएगा।



जिला धमतरी

| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| क्षेत्र | पैक्स |
| गतिविधि का स्तर/स्थान | जिला |
| कार्यक्रम गतिविधि का नाम | खरीफ वर्ष 2025 हेतु कृषकों को खाद के संतुलित उपयोग हेतु प्रेरित करना। |
| गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी | कृषकों को खरीफ फसल हेतु समय पर सुगमता से खाद की उपलब्धता बाबत् जानकारी दी गई तथा मिट्टी परीक्षण कराकर उर्वरक के संतुलित उपयोग हेतु प्रेरित किया गया। |
| उद्देश्य | कृषकों को पैक्स के माध्यम से गुणवत्तायुक्त खाद उपलब्ध कराते हुए कृषि उत्पादन में वृध्दि करना। |
| प्रतिभागियों की संख्या | 9,000 (लगभग) |
| उपलब्धियाँ और परिणाम | राज्य में खरीफ वर्ष 2025 हेतु 10,72,928 टन रासायनिक खाद वितरण का लक्ष्य रखा गया है। पैक्स समितियों में 6,04,821 टन रासायनिक खाद का भण्डारण किया गया है, जिसके विरूध्द 4,63,840 टन रासायनिक खाद का वितरण कृषकों को जून 2025 तक कर लिया गया है। कृषक मृदा परीक्षण कराकर उर्वरकों के संतुलित उपयोग हेतु प्रेरित हुए। |

## 4. गतिविधि : खरीफ वर्ष 2025 हेतु कृषकों को खाद के संतुलित उपयोग हेतु प्रेरित करना।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| पैक्स | कृषकों को खरीफ फसल हेतु समय पर सुगमता से खाद की उपलब्धता बाबत् जानकारी दी गई तथा मिट्टी परीक्षण कराकर उर्वरक के संतुलित उपयोग हेतु प्रेरित किया गया। | **2058** |






| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| क्षेत्र | नगर निगम |
| गतिविधि का स्तर/स्थान | बहुउद्देशीय सहकारी समितियां |
| कार्यक्रम गतिविधि का नाम | राज्य के सहकारी समितियों द्वारा किये जा रहे बेस्ट प्रेक्टिसेज को प्रोत्साहित करना। |
| गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी | उजाला महिला बहुउद्देशीय सहकारी संघ मर्यादित बिरगांव द्वारा मिशन क्लीन सिटी का कार्य कर स्वछता में योगदान दिया जा रहा है जिसमे घर घर से कचरा संग्रहण सेग्रिगेशन कम्पोस्टिंग एवं रीसाइक्लिंग शामिल है। |
| उद्देश्य | शहरों को स्वच्छए सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल बनाना ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था के लिए सहकारिताओं को प्रेरित करना। लागू करना तथा नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सहभागिता बढ़ाना। |
| प्रतिभागियों की संख्या | 91 |
| उपलब्धियाँ और परिणाम | उजाला महिला बहुउद्देशीय सहकारी संघ मर्यादित, बिरगांव द्वारा कचरा संग्रहण सेग्रिगेशन कम्पोस्टिंग एवं रीसाइक्लिंग का कार्य किया जा रहा है। सहकारी समिति के महिला सदस्यों को शासन द्वारा निर्धारित मानदेय राशि रू 6000 प्रति माह प्रति सदस्य दिया जाता है परन्तु मानदेय के अतिरिक्त कचरे के विक्रय से सभी सदस्य मिलाकर लगभग राशि रू 80000 से 90000 प्रति माह अतिरिक्त आय अर्जित कर लेती है। उपस्थित सहकारिताओं को कार्यक्रम से स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम में सहकारिता के लिए प्रेरणा मिली। |

## 5. गतिविधि : राज्य के सहकारी समितियों द्वारा किये जा रहे बेस्ट प्रेक्टिसेज को प्रोत्साहित करना।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| नगर पालिका निगम | उजाला महिला बहुउद्देशीय सहकारी संघ मर्यादित बिरगांव द्वारा मिशन क्लीन सिटी का कार्य कर स्वछता में योगदान दिया जा रहा है जिसमे घर घर से कचरा संग्रहण सेग्रिगेशन कम्पोस्टिंग एवं रीसाइक्लिंग शामिल है। | 01 |











| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| क्षेत्र | सम्पूर्ण राज्य |
| गतिविधि का स्तर/स्थान | समस्त सहकारी समितियां |
| कार्यक्रम गतिविधि का नाम | अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर सहकारी समितियों में योग गतिविधियों का आयोजन। |
| गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी | अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समस्त सहकारी समितियों में योग उत्सव का आयोजन किया जाना तथा योग की उपयोगिता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए योग प्रक्रिया के तहत अनेक सूक्ष्म योग व्यायाम का प्रदर्शन। |
| उद्देश्य | योग से शारीरिक मानसिक और आत्मिक लाभों के प्रति लोगों में जागरूकता को बढ़ावा देना। |
| प्रतिभागियों की संख्या | 25,000 (लगभग) |
| उपलब्धियाँ और परिणाम | अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य के सहकारी समितियों में भारत सरकार के निर्देशानुसार ‘योगा संगम पोर्टल पर पंजीयन करते हुए समितियों में की जा रही गतिविधियों की जानकारी अपलोड करके भारत सरकार, आयुष मंत्रालय द्वारा जारी ‘योगा संगम पत्र’ नामक प्रमाण-पत्र अर्जित किया। योग दिवस के अवसर पर योग के माध्यम से ऊर्जावान और प्रफूल्लित रहते हुए स्वस्थ्य जीवन पद्यति अपनाने हेतु समितियों के सदस्य प्रेरित हुए। |

6. गतिविधि : अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर सहकारी समितियों में योग गतिविधियों का आयोजन।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| सम्पूर्ण राज्य | अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर सहकारी समितियों में योग गतिविधियों का आयोजन कराया जाना | समस्त सहकारी समितियां |


भारत सरकार
आयुष मंत्रालय
माननीय प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी

योग संगम पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि

Prathmik Krishi Sakh Sahkari Society Maryadit Kasdol

ने 21 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग संगम कार्यक्रम का आयोजन किया।

यह कार्यक्रम Kasdol में आयोजित किया गया, जिसमें 25 लोगों ने भाग लिया।

यह भी प्रमाणित किया जाता है कि यह कार्यक्रम विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के राष्ट्रीय कार्यक्रम के अनुरूप और एक ही समय पर आयोजित किया गया।

प्रतापराव जाधव
केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय एवं राज्य मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

दिनांक: 21 जून 2025
नई दिल्ली

योग संगम प्रमाण-पत्र, पैक्स कसडोल, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा



पैक्स भैसमा, जिला कोरबा

# “सहकार से समृद्धि”

| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| क्षेत्र | सम्पूर्ण राज्य |
| गतिविधि का स्तर/स्थान | समस्त सहकारी समितियां |
| कार्यक्रम गतिविधि का नाम | एक पेड़ माँ के नाम। |
| गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी | एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत समस्त सहकारी समितियों के माध्यम से वृक्षारोपण। |
| उद्देश्य | माताओं के नाम पर वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करके उन्हें सम्मानित करना है , पर्यावरण संरक्षण को मातृत्व के प्रति श्रद्धांजलि के साथ जोड़ना है, जो दर्शाता है कि कैसे माताएं, पेड़ों की तरह, जीवन का पोषण और रखरखाव करती हैं। |
| प्रतिभागियों की संख्या | 1000 |
| उपलब्धियाँ और परिणाम | “एक पेड़ माँ के नाम” अभियान के तहत राज्य में 05 लाख से अधिक वृक्षारोपण करने का लक्ष्य विभाग द्वारा रखा गया है। माह जून में पैक्स द्वारा कार्यक्षेत्र के ग्रामों में 5000 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। |

## 7. गतिविधि : एक पेड़ माँ के नाम।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| सम्पूर्ण राज्य | एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत समस्त सहकारी समितियों के माध्यम से वृक्षारोपण कार्य किया गया। | समस्त सहकारी समितियां |



नवभारत छत्तीसगढ़ • ओडिशा

Durg - 24 Jun 2025 - 24du2
epaper.navabharat.news

सम्मेलन — सांसद विजय बघेल सहित समस्त अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना की

### सहकारिता सम्मेलन में रोपा गया एक पेड़ मां के नाम

**बेरला।** विकासखंड अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित हसदा के तत्वावधान में जिला स्तरीय सहकारी सम्मेलन एवं नवनियुक्त प्राधिकृत अध्यक्षों का सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा, अध्यक्षता दिपेश साहू विधायक बेमेतरा, विशिष्ट अतिथि कल्पना योगेश तिवारी अध्यक्ष जिला पंचायत बेमेतरा अतिथिगण अवधेश सिंह चंदेल प्रदेश मंत्री भाजपा, प्रीतपाल बेलचंदन पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग, रेखा पोषण सिन्हा जनपद सदस्य बेरला अध्यक्ष प्रकाश वर्मा के करकमलो से दीप प्रज्ज्वलन कर प्रारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में देश में सहकारिता के क्षेत्र किए जा रहे कार्यों को किसानो के समक्ष रखा सभा को सम्बोधित करते हुए स्थानीय विधायक दीपेश साहू ने कहा कि सेवा और समाधान ही किसानो की सार्थक पूजा होगा। अतः हम जिम्मेदारीपूर्वक किसानों की समस्या निराकरण करे पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा सहकारिता किसानो की आर्थिक सुदृढ़ीकरण की एक अनूठा संस्थान हैं । यह समाज की पूंजी हैं जिससे हर वर्ग लाभान्वित होते हैं। कार्यक्रम में समस्त अतिथियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम से पौधा रोपित किया गया। अंत में आभार बीएम के के यादव ने किया। कार्यक्रम का संचालन देवलाल सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के आलावा बड़े संख्या में किसान के आलावा बड़े संख्या में वरिष्ठ नेता जिसमें नरेंद्र वर्मा,नथमल कोठारी मीनू पटेल सरपंच, संध्या परगनिहा, यशवंत वर्मा, पोषण वर्मा, सूर्यकान्त साहू, ओमप्रकाश पाण्डेय, चन्द्रकुमार परगनिहा, सरपंच देवादा कमल साहू, शभू साहू, रामखिलावन देवांगन, तिलक साहू, डीकेश साहू सेवा राम साहू ललित वर्मा शोभा राम साहू सहित समस्त ग्राम पंचायत हसदा साकरा नेवनारा देवादा के पदाधिकारी के साथ जिले के 102 समितियों से पदाधिकरिय शामिल हुए।



पैक्स जेवरतला, जिला बालोद

| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| क्षेत्र | जिला स्तर। |
| गतिविधि का स्तर/स्थान | दुग्ध सहकारी समितियां। |
| कार्यक्रम गतिविधि का नाम | दुग्ध सहकारी समितियों के अध्यक्ष तथा पदाधिकारियों को सहकारी कार्य प्रणाली पर प्रशिक्षण। |
| गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी | गांवों के दुग्ध उत्पादक कृषकों को दुग्ध सहकारी समितियों की सदस्यता हेतु प्रेरित करना तथा दुग्ध सहकारी समितियों के माध्यम से दुग्ध उत्पादक कृषकों को प्राप्त होने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी से अवगत कराया जाना। |
| उद्देश्य | राज्य व केंद्र शासन की योजनाओं, दुग्ध उत्पादन हेतु उन्नत नस्ल के पशुओं का चुनाव, दुग्ध उत्पादन एवं पोषक आहार, शेड व दुधारू पशु हेतु सब्सिडी हेतु जागरूकता लाना। |
| प्रतिभागियों की संख्या | 11,000 |
| उपलब्धियाँ और परिणाम | भारत सरकार के श्वेत क्रांति 2.0 योजनांतर्गत राज्य में 280 नवीन दुग्ध सहकारी समितियों का गठन करते हुए अधिकाधिक सहकारी सदस्यों को इस मुहिम से जोड़ा गया है, जिनमें 1,593 महिलाओं को सदस्यता प्रदान की गई है तथा 102 महिलाओं को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है। |

## 8. गतिविधि : दुग्ध सहकारी समितियों के अध्यक्ष तथा पदाधिकारियों को सहकारी कार्य प्रणाली पर प्रशिक्षण।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| दुग्ध सहकारी समिति | गांवों के दुग्ध उत्पादक कृषकों को दुग्ध सहकारी समितियों की सदस्यता हेतु प्रेरित करना तथा दुग्ध सहकारी समितियों के माध्यम से दुग्ध उत्पादक कृषकों को प्राप्त होने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी से अवगत किया गया। | 1034 |







जिला धमतरी

# “सहकार से समृध्दि”

| मानदंड | विवरण |
|---|---|
| क्षेत्र | अपैक्स बैंक/ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक तथा PACS |
| गतिविधि का स्तर/स्थान | बैंक शाखा |
| कार्यक्रम गतिविधि का नाम | पैक्स समितियों के सदस्यों को केसीसी कार्ड वितरण कार्यक्रम। |
| गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी | राज्य के कृषकों को KCC कार्ड प्रदान किया जाना। उक्त कार्य हेतु पैक्स एवं बैंक शाखा स्तर पर किसान क्रेडिट कार्ड वितरण सप्ताह का आयोजन किया जाना तथा KCC कार्ड के उद्देश्य, आवश्यकता एवं लाभ से कृषकों को अवगत कराना। |
| उद्देश्य | कृषकों को उनकी कृषि एवं सम्बद्ध गतिविधियों के लिए समय पर अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान करना जिससे वह अपनी खेती की जरूरतों को पूर्ण कर सके। |
| प्रतिभागियों की संख्या | 3,500 |
| उपलब्धियाँ और परिणाम | किसानों को KCC के लाभ जैसे कृषि कार्य के लिए ऋण, खाद-बीज, वित्तीय साक्षरता और कृषि ऋण प्रबंधन, व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा आदि से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। राज्य में माह जून अंतर्गत 2,000 से से अधिक रूपे KCC कार्ड का वितरण किया गया। |

## 9. गतिविधि पैक्स समितियों के सदस्यों को केसीसी कार्ड वितरण कार्यक्रम।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| | पैक्स समितियों के सदस्यों को केसीसी कार्ड वितरण कार्यक्रम। | 344 |


नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Durg - 06 Jun 2025 - 06du2
epaper.navabharat.news

### किसानों को केसीसी एवं एटीएम कार्ड वितरण

बेरला । सेवा सहकारी समिति मर्यादित हसदा में अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया गया। जिसमें समिति के अध्यक्ष प्रकाश वर्मा द्वारा समिति में बने नए कृषकों को केसीसी कार्ड वितरण किया गया। माइक्रो एटीएम के माध्यम से 10000 की नगद आहरण सहित अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी देवलाल सिन्हा डीकेश साहू सेवा राम साहू रमेश देवांगन राजेंद्र वर्मा सहित बड़े संख्या कृषक उपस्थित थे।



बेरला जिला बेमेतरा

| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| क्षेत्र | **FPO** |
| गतिविधि का स्तर/स्थान | जिला |
| कार्यक्रम गतिविधि का नाम | कृषक उत्पादक संगठनों में परियोजना प्रबन्धन एवं पर्यवेक्षण विषय पर **NCDC** द्वारा क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन |
| गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी | राज्य कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान (समेति) लाभांडीह रायपुर में **FPO** एवं **FFPO** हेतु जागरूकता कार्यक्रम (मत्स्य किसान उत्पादन संगठन ) |
| उद्देश्य | किसानो को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सहायता प्रदान करना किसानो को सामूहिक रूप से अपनी सौदा करने की शक्ति को बढ़ाने उत्पादन लगत को काम करने और विपणन के अवसरों को बढ़ने में मदद करना। **FPO** परियोजना प्रबंधन एवं पर्यवेक्षण पर क्षमता विकास कार्यक्रम |
| प्रतिभागियों की संख्या | 600 |
| उपलब्धियाँ और परिणाम | किसानों को एफ.पी.ओ. के कार्य, उद्देश्य एवं लाभ से अवगत कराया गया, जिससे कृषक सामूहिक रूप से अपनी उपज बेचकर बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकें, थोक में इनपुट खरीदने और सामूहिक रूप से मार्केटिंग करने पर उत्पादन लागत में कमी करने तथा किसानों को बाजार तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराता है, जिसका परिणाम यह हुआ है कि कृषकों को अपने उत्पादों के विपणन से बेहतर कीमत प्राप्त हो रहा है। |

## 10. गतिविधि : कृषक उत्पादक संगठनों में परियोजना प्रबन्धन एवं पर्यवेक्षण विषय पर एन सी डी सी द्वारा क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| | कृषक उत्पादक संगठनों में परियोजना प्रबन्धन एवं पर्यवेक्षण विषय पर एन सी डी सी द्वारा क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन | 33 |



### NCDC's Regional Training Center holds awareness programme for FPOs, FFPOs

■ Staff Reporter
RAIPUR, June 2[illegible]

THE Regional Training Center, Raipur of National Cooperative Development Corporation (NCDC) under the Ministry of Cooperation (GoI) successfully organized an awareness programme for Farmer Producer Organizations (FPOs) and Fish Farmer Producer Organizations (FFPOs) at State Agricultural Management and Extension Training Institute (SAMETI), Labhandi, Raipur.

The programme aimed at enhancing knowledge and awareness of FPOs and FFPOs about various cooperative development schemes and initiatives. Director of SAMETI B K Bijronya graced the programme as chief guest. Sharing his views, B K Bijronya delivered an insightful session on the importance and operational aspects of FPOs, enriching the participants' understanding.

The programme was coordinated under the leadership of Kinchit Joshi, Regional Director of NCDC Raipur. He inspired the attending farmers to leverage the schemes and assistance provided by NCDC and the Ministry of Cooperation to strengthen cooperative-based development in agriculture and allied sectors. In his address as keynote speaker, General Manager of Chhattisgarh State Cooperative Bank Limited (Apex Bank) Abhishek Tiwari outlined various government-led initiatives to promote cooperative development and financial empowerment of producer groups.

Dr Kamlesh Panda from Late Shri Punaram Nishad Matsya Mahavidyalay (Kawardha) conducted a specialized session on the role and functioning of FFPOs. An informative session was also conducted by Programme Officer Ankit Raikwar. More than 100 farmers along with CEOs, accountants and members of FPOs and FFPOs from Raipur, Durg, Balod, Baloda Bazar, Bemetara, Gariaband, Rajnandgaon and Kawardha districts participated in the programme.

A guest speaker addressing the awareness programme



# “धन्यवाद”